मैं तो हुआ दीवाना | by Aman Saraf

मैं तो हुआ दीवाना मेरे खाटूवाले का
मस्ती में मस्ताना मेरे खाटूवाले का
मैं तो हुआ दीवाना.....

ऐसी लगन लगी है खुद की खबर नहीं है
अँखियों को कोई दूजा आता नज़र नहीं है
ये दिल बना ठिकाना मेरे खाटूवाले का
मस्ती में मस्ताना मेरे खाटूवाले का

छलिये ने तीर अपना ऐसा चलाया मुझपे
दीवानापन निरंतर अपना बढ़ाया मुझपे
दिल से दिल का लगाना मेरे खाटूवाले का
मस्ती में मस्ताना मेरे खाटूवाले का

बाँधा है जबसे इसने मुझसे ये प्रेम बंधन
बस सांवरे में खोया रहता है अब ये कुंदन
प्यार अपना बरसाना मेरे खाटूवाले का
मस्ती में मस्ताना मेरे खाटूवाले का
मैं तो हुआ दीवाना.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%b9%e0%a5%81%e0%a4%86-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-aman-saraf/